1/12/22

AIDS DAY.

Rovers Ranger.

# जागरूकता रैली निकाली



थराली। राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी के छात्र-छात्राओं ने तलवाड़ी में एक एड्स जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया महाविद्यालय परिसर से शुरू हुई रैली एलोपैथिक चिकित्सालय, हनुमान मंदिर, हनुमान चौक, तलवाड़ी बाजार होते हुए विद्यालय तक रैली निकाली इस दौरान उन्होंने बाजार में एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। जिसमें एड्स फैलने एवं उससे बचने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रतिभा आर्य ने रेंजर रोवर्स इकाई को इसी तरह के कार्यक्रमों से आमजन को जागरूक करने का प्रयास करते रहना चाहिए। इस अवसर पर रोवर्स रेंजर प्रभारी डॉ पुष्पा रानी डॉ ललित जोशी, डॉ नीतू पांडे, डॉ सुनील कुमार, डॉ सुनीता भंडारी,डॉ संतोष पांडे, रजनीश कुमार, शंकर राम आदि ने विचार व्यक्त किए।

# पिंडर नदी से किशोर का भी शव बरामद

देवाल। विकासखंड देवाल के अंतिम गांव हरमल के पास पिंडर नदी पर ग्रामीणों के द्वारा डाले गए भेला से नदी को पार करते हुए रामपुर तोरती गांव की पिंडर नदी में बह किशोर का भी शव बरामद हो गया है। समाचार लिखे जाने तक नदी में बही महिला एवं किशोर को पोस्टमार्टम के लिए लाने का प्रयास किये जाने का समाचार मिल रहे हैं। बीते शुक्रवार को रामपुर गांव की महिला हेमा देवी पत्नी प्रताप राम एवं प्रवीन कुमार पुत्र प्रताप राम बागेश्वर जिले के किलपारा गांव जहां महिला का मायका था से अपने ससुराल रामपुर आ रही थी कि देर सांय हरमल गांव में ग्रामीणों के द्वारा पिंडर नदी को आर-पार करने के लिए में डाले गए भेला से संतुलन बिगड़ने से दोनों मां बेटा [illegible]

2/3/2023 → N.S.S.
ANTI-DRUG Rally

Friday, March 3, 2023

पहाड़ समाचार live
खबर पल पल की

Home / 2023 / March / 3 / छात्र छात्राओं ने नशा मुक्त समाज जन संदेश रैली निकाली।



उत्तराखण्ड गढ़वाल चमोली

## छात्र छात्राओं ने नशा मुक्त समाज जन संदेश रैली निकाली।

उत्तराखण्ड गढ़वाल चमोली

छात्र छात्राओं ने नशा मुक्त समाज जन संदेश रैली निकाली।

March 3, 2023 / Editor

सुभाष पिमोली

धराली।

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत स्वयं सेवियों एवं महाविद्यालय के एण्टी ड्रग्स सेल के संयुक्त तत्वाधान में स्वयंसेवियों एवं छात्र-छात्राओं ने नशामुक्त समाज – जन संदेश रैली महाविद्यालय परिसर से गुडम स्टेट, हनुमान मंदीर, पोस्ट ऑफिस धारकोट, तलवाड़ी बाजार तक निकाली।

महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य द्वारा रैली को महाविद्यालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर नशा मुक्त समाज की जन संदेश रैली की शुरुआत करी। प्रभारी प्राचार्य द्वारा किसी भी प्रकार का नशा-शराब, गुटका, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू आदि से होने वाले दुष्प्रभाव से लोगों को जागरूक करने का सुझाव दिया गया।

रैली में महाविद्यालय की एण्टी ड्रग्स सेल की संयोजक डा. नीतू पाण्डे, एन. एस. एस. के कार्यक्रम अधिकारी क्रमशः डा. प्रतिभा आर्य एवं रजनीश कुमार, अनुज कुमार एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं एण्टी ड्रग्स सैल के अन्य सदस्यगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवी आदि उपस्थित रहे।

रैली में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवकों ने सभी दुकानदारों को किसी भी तरह की नशे

से लोगों को जागरूक करने का सुझाव दिया गया।

रैली में महाविद्यालय की एण्टी ड्रग्स सेल की संयोजक डा. नीतू पाण्डे, एन. एस. एस. के कार्यक्रम अधिकारी क्रमशः डा. प्रतिभा आर्य एवं रजनीश कुमार, अनुज कुमार एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं एण्टी ड्रग्स सैल के अन्य सदस्यगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवी आदि उपस्थित रहे।

रैली में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवकों ने सभी दुकानदारों को किसी भी तरह की नशे
की सामग्री छात्रों को न बेचने का आग्रह किया, जिसमें सभी दुकानदारों ने अपनी सहभागित प्रदान करी।

< सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता अभियान

08/04/2023

## रोवर्स रेंजर्स अभिविन्यास एवं योगासन कार्यक्रम का आयोजन



**थराली ( दैनिक हाक ):** राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में एक दिवसीय अभिविन्यास एवं योगासन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ० योगेन्द्र चन्द्र सिंह जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष किशोर चन्द्र जोशी एवं कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का संचालन रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ० पुष्पा रानी, सह प्रभारी डॉ. ललित जोशी, डॉ० नीतू पाण्डे एवं श्री सुनील कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा रोवर्स रेंजर्स के इतिहास नियम, प्रतिज्ञा, पर्यावरण संरक्षता, गौ संरक्षण एवं योग के नियमों पर चर्चा परिचर्चा की गई। द्वितीय सत्र में योगासन कार्यक्रम किया गया। योग प्रशिक्षक डॉ. पुष्पा रानी व धीरेन्द्र नेगी द्वारा योग के विभिन्न आसनों की जानकारी के साथ ही योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर रोवर्स रेंजर्स, छात्र/छात्राएं, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सुनीता भण्डारी, अनुज कुमार, रजनीश कुमार, मोहित उप्रेती व मनोज कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

## आसनों का अभ्यास कराया

**थराली:** थराली राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में अभिविन्यास एव योगासन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा. योगेन्द्र चद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि शिक्षक अभिभावक सघ के अध्यक्ष किशोर चन्द्र जोशी एवं कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान वक्ताओं ने रोवर्स रेंजर्स के इतिहास नियम, प्रतिज्ञा, पर्यावरण संरक्षता, गौ संरक्षण एवं योग के नियमों पर चर्चा की। योग प्रशिक्षक डा. पुष्पा रानी व धीरेन्द्र नेगी ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। (संसू)

Rovers & Rangers 14/10/22.



उत्तराखंड न्यूज़ चमोली

**राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में राष्ट्रीय कृमि दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन।**

सुभाष पिमोली

थराली।

राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में आयोजीत कृमि मुक्ति दिवस पर प्राचार्य डॉ योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में रोवर्स /रेंजर्स इकाई के अंतर्गत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एक रैली के साथ संगोष्ठी एवं जागरूक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रेंजर प्रभारी डॉ पुष्पा रानी ने रोवर/ रेंजर को कृमि एवं उनके बचाव सहित कार्य स्वास्थ्य शुद्ध पेयजल खानपान के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया साथी रोवर्स प्रभारी डॉ ललित जोशी व सह प्रभारी सुनील कुमार ने कृमि निरोध एवेन्डाजोल एनीमिया एवं दिन प्रतिदिन की आदतों के स्वस्थ शरीर निर्माण की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया रोवर्स /रेंजर्स इकाई को शारीरिक स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य के व्यक्तित्व संबंधी, मानसिक स्थिति पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर डॉ प्रतिभा आर्य,डॉ शंकर राम,अनुज कुमार, रजनीश कुमार,मनोज कुमार,डॉ सुनील कुमार,डॉ सुनीता भंडारी, डॉ कुलदीप नेगी,डॉ निशा छोड़ीयाल, डॉक्टर जगदीश असारी सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

**Government Degree College, Talwari**

6h ·

आज (14/10/2022) राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी, चमोली (उत्तराखण्ड) में 'राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर इकाई के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

#रोवर्स #रेंजर #gdcfamily #scoutguide #roversrangers #uttarakhand









12

Like Comment Share

15/8/22

**पहाड़ समाचार live** — खबर पल पल की

Home / 2022 / August / 16 /
धूमधाम से मनाया आजादी का अमृत महोत्सव, कई कार्यक्रमों का आयोजन



उत्तराखण्ड गढ़वाल चमोली

धूमधाम से मनाया आजादी का

# धूमधाम से मनाया आजादी का अमृत महोत्सव, कई कार्यक्रमों का आयोजन

August 16, 2022 / Editor

सुभाष पिमोली

थराली

आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस की 76वी राजकीय स्नातक महाविद्यालय तलवाडी में धुमधाम से मनायी गई। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेन्द्र चंद्र सिंह के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सभी को दिवस की बधाई दी गई।

तत्पश्चात प्रचार्या द्वारा प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर दिन के कार्यक्रमों की तत्पश्चात प्रचार्या द्वारा प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर दिन के कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। महाविद्यालय के छात्रों व समस्त कर्मचारियों के द्वारा तलवाडी ग्राम में प्रभात फेरी के द्वारा स्वतंत्रता का संदेश दिया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः अनील, कृष्णा व दयाकृष्ण ने प्राप्त किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में अशोक कुमार प्रथम, दयाकृष्ण द्वितीय तथा दीपा तृतीय स्थान पर रहे।

उर्मिला द्वारा देशभक्ति पर पोस्टर व स्लोगन प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ योगेन्द्र चंद्र सिंह के द्वारा हर-घर तिरंगा अभियान पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा किसी स्वतंत्र देश के लिए राष्ट्रीय ध्वज की क्या विस्तृत जानकारी दी गई तथा किसी स्वतंत्र देश के लिए राष्ट्रीय ध्वज की क्या प्रासंगिकता होती है उसके बारे मे बताया गया।

महाविद्यालय के प्रध्यापक सुनील कुमार, मोहित उपरेती, डॉ पुष्पा रानी, डॉ सुनील कुमार तथा डॉ जमशेद अंसारी द्वारा छात्रों को स्वतंत्रता दिवस के सामाजिक पहलू के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

वही अनुज कुमार द्वारा राष्ट्रवाद पर आख्यान दिया गया। मंच का संचालन डॉ ललित जोशी द्वारा किया गया तथा इस सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी रजनीश कुमार ने सांझा की। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक शंकर राम, मनोज कुमार, कुलदीप जोशी, सचिन सेमवाल, डॉ सुनीता भंडारी तथा डॉ निशा डौंडियाल उपस्थित

16/10/22 N.S.S.
Deworming

Sunday, October 16, 2022

पहाड़ समाचार live
खबर पल पल की

Home / 2022 / October / 16 /
राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में बांटे गए एल्बेंडाजोल की गोलियां।



उत्तराखण्ड गढ़वाल गैरसैंण चमोली

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में बांटे गए एल्बेंडाजोल की गोलियां।

October 16, 2022 / Editor

शुभाष पिमोली

थराली।

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति सप्ताह के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली के संयुक्त तत्वाधान में कृमि से संबंधित बीमारियों के निदान हेतु एल्बेंडाजोल नामक दवाई का छात्रों को निशुल्क वितरण किया गया शिविर की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र सिंह के संबोधन से हुई।

जिसमें उन्होंने छात्रों को स्वस्थ शरीर स्वस्थ मस्तिष्क विषय पर जानकारी दी इसी क्रम में एनएसएस प्रथम कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रतिभा आर्य ने छात्र छात्राओं को किस प्रकार साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए ताकि कृमि जो हमारे हाथों से हमारे मुह के द्वारा हमारे हमारे शरीर में पहुंच जाते हैं इन से छुटकारा पाने के लिए हमें समय-समय पर एल्बेंडाजोल दवा लेनी चाहिए और हाथों को साफ साफ सफाई के साथ धोना चाहिए तभी भोजन ग्रहण करना चाहिए तभी कृमि से छुटकारा पाया जा सकता है।

कार्यक्रम में द्वितीय कार्यक्रम अधिकारी रजनीश कुमार ने छात्रों को बताया कि स्वस्थ समाज के निर्माण में छात्रों का अहम योगदान है और उसकी शुरुआत सबसे पहले उन्हें अपने आप करनी चाहिए।

योगदान है और उसकी शुरुआत सबसे पहले उन्हें अपने आप करनी चाहिए।

कार्यक्रम एनएसएस अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुआ इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यापक डॉ शंकर राम,अनुज कुमार,डॉ ललित जोशी, डॉ पुष्पा रानी, सुनील कुमार, मनोज कुमार, कुलदीप जोशी,डॉक्टर सुनील कुमार,डॉ सुनीता भंडारी,डॉक्टर जमशेद अंसारी, डॉ निशा ढोंडीयाल, डॉक्टर संतोष पंत आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

‹ मार्शल आर्ट में 6 मेडल प्राप्त कर राजकीय इंटर कॉलेज तलवाडी के छात्र छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन।

नवनिर्मित संसद भवन का नाम भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखने को लेकर जम्मू में हो रहे सम्मेलन में ›

N.S.S. 16/12/22 Registration
Gaura Shakti App.

Tuesday, January 3, 2023

पहाड़ समाचार live
खबर पल पल की

Home / 2022 / December / 16 /
महाविद्यालय तलवाड़ी की छात्राओं को पुलिस द्वारा गोरा शक्ति एप की जानकारी उपलब्ध कराई।



उत्तराखण्ड गढ़वाल चमोली



उत्तराखण्ड गढ़वाल चमोली

## महाविद्यालय तलवाडी की छात्राओं को पुलिस द्वारा गोरा शक्ति एप की जानकारी उपलब्ध कराई।

December 16, 2022 / Editor

सुभाष पिमोली

धराली।

राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा थाना थराली के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ योगेंद्र चंद्र सिंह की अध्यक्षता में महिला सुरक्षा हेतु उत्तराखण्ड पुलिस ऐप तथा गोरा शक्ति ऐप महाविद्यालय की सभी छात्राओं को हैंड्स ऑन परीक्षण दिया गया।

थाना थराली से सब-इंस्पेक्टर हेमलता तथा महिला कॉन्स्टेबल पिंकी के द्वारा सभी छात्राओं को बताया गया की किस तरह से गोरा शक्ति ऐप का उपयोग करते हुए किसी अंजान व्यक्ति के द्वारा पीछा करने पर या परेशान करने पर कैसे उसकी फोटो तथा वीडियो बनाकर पोलिस को सूचना दे सकती है। जिस पर जल्दी से जल्दी पोलिस के द्वारा कार्यवाही की जाएगी। विषय की गंभीरता को देखते हुए प्राचार्य ने सभी प्राध्यापकों को निर्देश दिए की कक्षा में व्याख्यान के दौरान छात्राओं से संपर्क कर ये सुनिश्चित करे कि गोरा शक्ति ऐप सभी के मोबाइल फोन में इंस्टॉल हो।

कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रतिभा आर्य तथा रजनीश कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राध्यापक अनुज कुमार, डॉ ललित जोशी, डॉ निशा दौंडियाल समेत सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

< जन इंसाई से बचने को राजभवन ने बनाया नार्म नई प्रक्रावली पर मारी कुंडली- मोर्चा

19/10/22 N.S.S..

Wednesday, October 19, 2022

पहाड़ समाचार live
खबर पल पल की

Home / 2022 / October / 19 /
क्लीन इंडिया – 2 के तहत महाविद्यालय तलवाड़ी में सिंगल-यूज प्लास्टिक को लेकर रैली का आयोजन ।



उत्तराखण्ड गढ़वाल चमोली

## क्लीन इंडिया – 2 के तहत महाविद्यालय तलवाड़ी में

उत्तराखण्ड गढ़वाल चमोली

## क्लीन इंडिया – 2 के तहत महाविद्यालय तलवाड़ी में सिंगल-यूज प्लास्टिक को लेकर रैली का आयोजन ।

October 19, 2022 / Editor

सुभाष पिमोली

थराली।

स्वच्छ भारत मिशन-क्लीन इंडिया-2 के तहत राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी चमोली में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में एक स्वच्छता रैली का आयोजन महाविद्यालय से ग्राम सभा तलवाड़ी स्टेट तक किया गया।

स्वच्छता रैली को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेन्द्र चंद्र सिंह एवं तलवाड़ी स्टेट ग्राम प्रधान श्रीमती दीपा देवी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों द्वारा लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया एवं सिंगल – यूज प्लास्टिक को एकत्र कर निस्तारण किया गया।

रैली का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम कार्यक्रम अधिकारी डा० प्रतिभा आर्य एवं द्वितीय कार्यक्रम अधिकारी रजनीश कुमार द्वारा किया गया।

रैली में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक शंकर राम, अनुज कुमार, डॉ ललित जोशी, डॉ पुष्पा रानी, सुनील कुमार, मनोज कुमार, डॉ सुनील कुमार, कुलदीप जोशी, डॉ

कर निस्तारण किया गया।

रैली का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम कार्यक्रम अधिकारी डा० प्रतिभा आर्य एवं द्वितीय कार्यक्रम अधिकारी रजनीश कुमार द्वारा किया गया।

रैली में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक शंकर राम, अनुज कुमार, डॉ ललित जोशी, डॉ पुष्पा रानी, सुनील कुमार, मनोज कुमार, डॉ सुनील कुमार, कुलदीप जोशी, डॉ
जमशेद अंसारी, डॉ सुनीता भंडारी, डॉ निशा दौंडियाल, डॉ संतोष पंत उपस्थित रहे।

< अपहरण के बाद दो दिन तक नाबालिग दुष्कर्म, बोरी में डालकर फेंका।

स्वच्छ भारत अभियान" के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन >

31/10/22 UNITY DAY
N.S.S / Rover Rangers

राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉ...

Monday, October 31, 2022

पहाड़ समाचार live
खबर पल पल की

Home / 2022 / October / 31 /
राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन।



उत्तराखण्ड खेलकूद गढ़वाल चमोली

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन।

October 31, 2022 / Editor

सुभाष पिमोली

थराली।

राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में प्राचार्य डॉ योगेंद्र चंद्र सिंह की अध्यक्षता में एनएसएस इकाई व रोवर्स रेंजर्स इकाई व समस्त प्राध्यापकों व कार्यालय स्टाफ ने रन फॉर यूनिटी के अंतर्गत शपथ ग्रहण दिलवाया।

इसके उपरांत कॉलेज परिसर से तलवाड़ी बाजार तक मैराथन दौड़ का महाविद्यालय स्तर पर आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ प्रतिभा आर्य व रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ पुष्पा रानी, जमशेद अंसारी, सुनिल कुमार हिंदी विभाग, डॉक्टर संतोष पंत संस्कृत विभाग व डॉ निशा पौड़ियाल जंतु विज्ञान विभाग ने किया।

इस मैराथन दौड़ में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, प्राध्यापकों व कार्यालय स्टाफ ने प्रतिभाग किया। मैराथन दौड़ में बीए प्रथम सेमेस्टर की कुमारी ईशा व दर्शन सिंह अव्वल रहे।

< मुख्यमंत्री ने फुटबॉल मैच का किया शुभारंभ, खूब